प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

5 जून 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं में ग्राहक सेवा मानकों की समीक्षा के लिए समिति की रिपोर्ट

08 अप्रैल 2022 को मौद्रिक नीति वक्तव्य के साथ जारी विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य के भाग के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 23 मई 2022 को श्री बी.पी. कानूनगो, भूतपूर्व उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक की अध्यक्षता में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं (आरई) में ग्राहक सेवा मानकों की समीक्षा के लिए समिति का गठन किया था। समिति के विचारार्थ विषय में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन और समीक्षा करना, उभरती जरूरतों की जांच करना, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की पहचान करना और आरई में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता और शिकायत निवारण तंत्र में सुधार लाने के उपाय सुझाना शामिल था।

समिति ने विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और आज उक्त रिपोर्ट को हितधारकों और जन साधारण की टिप्पणियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर रखा जा रहा है। टिप्पणियां, ईमेल के माध्यम से 07 जुलाई 2023 तक भेजी जा सकती हैं। समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेने से पहले टिप्पणियों की जांच की जाएगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/340